हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 19 मार्च 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

04 कलेक्टर कार्यालय निर्माण कार्य को जुलाई...



07 जनप्रतिनिधियों ने सरकार की उपलब्धियां गिनाई...




### नलखेड़ा में स्थित है पाण्डव कालीन मां बगलामुखी का मंदिर

# आज से मंदिर पर लगेगा भक्तों का तांता मनोकामना पूर्ति के लिए करेंगे हवन अनुष्ठान







राजेंद्र सकलेचा ⏭ नलखेड़ा


नगर में स्थित मां बगलामुखी का मंदिर शक्ति एवं शक्तिमान के सम्मिलित प्रभाव से यहां पर की जाने वाली साधना-आराधना अनन्त गुना फलप्रदा होती है। जब कभी शत्रु का भय हो तो बगलामुखी की साधना-आराधना आराधक को फलदायी रहती है। वहीं मां की आराधना से शत्रु का स्तम्भन भी होता है। बगलामुखी मंदिर में स्थापित प्रतिमा महाभारत कालीन है, यहां पाण्डवों ने भगवान श्रीकृष्ण के कहने पर मां की आराधना कर विजयश्री का वरदान प्राप्त किया था। मां बगलामुखी का वर्णन कालीपुराण में मिलता है। वर्ष की दोनों नवरात्रि के दौरान इस मंदिर पर भक्तों का तांता लगा रहता है, वहीं चैत्रीय नवरात्रि के दौरान तंत्र साधना के लिए तांत्रिकों का जमावड़ा भी यहां लगा रहता है। नवरात्रि पर्व के साथ अन्य दिनों में इस मंदिर पर नेता, मंत्री, अभिनेता व बड़े अफसरो की भी मां के दर पर हाजिरी लगती है। नलखेड़ा का यहां विश्व प्रसिद्ध मंदिर आज जन-जन की आस्था एवं श्रद्धा केंद्र बना हुआ है।

#### त्रिशक्ति के रूप में मंदिर में विराजित हैं मां

आगर जिला मुख्यालय से 35 किमी दूर नलखेड़ा में पीताम्बरा सिद्धपीठ माँ बगलामखी का मंदिर है। जहां त्रिशक्ति मां विराजित है। बीच में मां बगलामुखी, दाएं मां लक्ष्मी तथा बाएं मां सरस्वती। नवरात्रि पर्व के दौरान यहां देश के कई स्थानों के साथ ही विदेशों से भी माता भक्त लाखों की संख्या में पहुंचते हैं, जो अपनी मनोकामना की पूर्ति हेतु विशेष हवन-अनुष्ठान यहां पर करते हैं।

#### दस महाविद्याओं में बगलामुखी का है विशेष महत्व

प्राचीन तंत्र ग्रंथों में दस महाविद्याओं का उल्लेख मिलता है। उनमें से अष्टम महाविद्या है मां बगलामुखी। मां भगवती बगलामुखी का महत्व समस्त देवियों में सबसे विशिष्ट है। शास्त्रों के अनुसार इस देवी की साधना-आराधना से शत्रुओं का स्तम्भन हो जाता है, यह साधक को भोग और मोक्ष दोनों ही प्रदान करती है।




#### 267 वर्ष पूर्व बनवाया था सूबेदार ने सभा मंडप

ग्वालियर रियासत के एक सूबेदार ने संतान प्राप्ति की मनोकामना पूर्ण होने पर गर्भ गृह के बाहर सोलह खम्भों वाला आराधना स्थल (सभा मंडप) विक्रम संवत 1815, सन 1759 में पंडित ईबु जी मार्गदर्शन में दक्षिणी कारीगर तुकाराम द्वारा निर्मित किया गया था। यह मंदिर सैकड़ों वर्षो से ही नहीं अपितु सैकड़ों पीढ़ियों से भक्तों के विश्वास का महत्वपूर्ण आधार बनकर नलखेड़ा जिला-आगर में लखुन्दर के पावन तट पर स्थित है।

#### कई देवी-देवताओं का भी है वास

मंदिर आहते में स्थित काल भैरव की चमत्कारी प्रतिमा स्थापित है जो उज्जैन स्थित काल भैरव के समान मद्यपान का सेवन करती है। मंदिर के आहते में ही वीर हनुमान, राधा कृष्ण व महाकाल मंदिर भी स्थित है।

### पीतांबरा सेवा समिति का नि:शुल्क भंडारा आज से प्रारंभ



मां बगलामुखी मंदिर के समीप स्थित पीताम्बरा सेवा समिति के भंडारा स्थल पर आज से प्रारंभ हो रही चैत्रीय नवरात्रि के दौरान संचालित होने वाले नि:शुल्क भंडारे के लिए अग्नि पूजन किया गया। बुधवार को 4 बजे भंडारा स्थल पर समिति सदस्यों द्वारा विधि-विधान से अग्नि पूजन कर भट्टी को प्रज्ज्वलित किया। नवरात्रि पर्व के दौरान पीतांबरा सेवा समिति द्वारा मां के आंगन में नि:शुल्क भंडारा आज से प्रारंभ होगा जिसमें प्रतिदिन हजारों माता भक्तों द्वारा भोजन प्रसादी का लाभ लिया जाएगा। भंडारे का शुभारंभ मां बगलामुखी को छप्पन भोग लगाकर कन्या पूजन एवं कन्या भोज के साथ होगा। मां बगलामुखी मंदिर के समीप वर्ष की दोनों नवरात्रि के दौरान नगर की सामाजिक संस्था पीताम्बरा सेवा समिति द्वारा मंदिर के समीप स्थित परिसर में दर्शनार्थ बाहर से आने वाले भक्तों के लिए नि:शुल्क भंडारा संचालित किया जाता है।

## दिव्यांग बच्चों के चिन्हांकन व प्रमाण पत्र निर्माण के लिए आयोजित विशेष शिविर श्रृंखला का समापन




हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, जिला आगर-मालवा द्वारा कलेक्टर प्रीति यादव के निर्देशानुसार विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों के चिन्हांकन एवं त्वरित दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्माण हेतु आयोजित विशेष शिविरों की श्रृंखला का समापन नवीन जिला चिकित्सालय आगर में आयोजित शिविर के साथ किया गया। समापन शिविर के दौरान जिले के मेडिकल बोर्ड के सदस्य डॉ. आरएन मालवीय, डॉ. शशांक सक्सेना, डॉ. राहुल गौड़, डॉ. आलोक श्रीवास्तव, डॉ. अरविंद परमार एवं डॉ. धीरेन्द्र ठाकुर द्वारा पंजीकृत दिव्यांग बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं मूल्यांकन किया गया।

शिविर में प्रभारी उप संचालक विजय चौरसिया तथा सामाजिक न्याय विभाग के शाखा प्रभारी निलेश झासिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। शिविर के दौरान नगरीय क्षेत्र के 14 दिव्यांगजनों का पंजीयन किया गया, जिनका मेडिकल बोर्ड के चिकित्सकों द्वारा परीक्षण कर दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। शाखा प्रभारी झासिया ने बताया कि कलेक्टर के निर्देशानुसार 12 मार्च से 18 मार्च तक विकासखंड स्तर पर संशोधित दिव्यांग शिविरों का आयोजन किया गया था, जिसमें कुल 159 दिव्यांग बच्चों का नवीन दिव्यांगता प्रमाण पत्र हेतु पंजीयन किया गया। पात्रता परीक्षण एवं आवश्यक चिकित्सकीय जांच के उपरांत प्रमाण पत्र जारी करने की त्वरित कार्यवाही की जा रही है। आयोजन के दौरान नगर पालिका आगर से एसएसओ रुचि मिश्रा, डीडीआरसी की ए.ओ. चेतना बैरागी, शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि तथा जिला चिकित्सालय आगर का स्टाफ भी उपस्थित रहा।

### भाजपा मंडल कानड़ में बरेठा मीडिया प्रभारी नियुक्त



**कानड़।** भाजपा मंडल कानड़ की हुई घोषणा में दिनेश बरेठा को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। वहीं मंजु कुंवर को सह मीडिया प्रभारी, सोशल मीडिया टीम में गोलू चावड़ा को सोशल मीडिया प्रभारी, संजू परिहार और सीताराम को सह सोशल मीडिया प्रभारी बनाया गया है। मंडल अध्यक्ष अंतरसिंह सिंह दौलतपुर ने सभी नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन हित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया है।

## डॉ. आरती को पीएचडी की उपाधि मिलने पर किया सम्मानित



**नलखेड़ा।** सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन द्वारा आयोजित दीक्षांत समारोह के आयोजन में राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री द्वारा स्थानीय सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय में कार्यरत सहायक प्राध्यापक डॉ. आरती मोहित नागर को रसायन शास्त्र विषय में पीएचडी की उपाधि मिलने पर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जीएल रावल सहित स्टॉफ, परिवारजनों एवं इष्टमित्रों ने शुभकामनाएं दीं।



### नवोदय विद्यालय चयन पर हर्ष व्यक्त कर की उज्जवल भविष्य की कामना

**कानड़।** स्थानीय न्यू सहारा पब्लिक हाई स्कूल के कक्षा 5वीं के छात्र अनस पिता आबिद खां निवासी कानड़ का नवोदय विद्यालय परीक्षा में चयन होने पर विद्यालय प्राचार्य विजय कुमार पाठक ने बालक का पुष्पहार से एवं मिठाई खिलाकर स्वागत सम्मान कर उज्जवल भविष्य की कामना की।

## भजन संध्या में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, देर रात तक झूमे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



सनातन सेवा समिति आगर मालवा के तत्वावधान में बैजनाथ स्थित हेलिपेट मैदान पर मंगलवार रात्रि भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रात्रि 8 बजे हुआ, जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक प्रेम शंकर जाट एवं भजन गायिका त्रिशा सुथार ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। संध्या में श्री सांवरिया सेठ सहित अन्य भजनों की प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम को सुनने के लिए आसपास के गांवों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और रात 1 बजे तक भजनों का आनंद लेते रहे। पूरा पंडाल भक्ति रस में सराबोर नजर आया। कार्यक्रम के अंत में भगवान श्री सांवरिया सेठ की आरती कर भजन संध्या का समापन किया गया। इस अवसर पर सनातन सेवा समिति के सदस्यों ने दोनों भजन कलाकारों का पुष्पमाला एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत और सम्मान किया।

## परंपरा अनुसार मनाया जा रहा गणगौर पर्व



**सीहोर।** अग्रवाल महिला मंडल मंडल द्वारा सीहोर में परंपरा अनुसार गणगौर पर्व मनाया जा रहा है जिसमे मंगलवार को गणगौर का स्वागत हेमा अग्रवाल के घर पर किया गया। साथ ही अग्रवाल समाज की नहिलाओं की गोट जा आयोजन भी हुआ जिसमे गेम्स प्रतियोगिता सोलह श्रृंगार और रैंप वाक पर इतराती इठलाती बहू बेटियों ने भाग लिया।

गणगौर में महिलाओं ने पहले पारस्परिक गीत गाये और बाद में ईशर गौरा को झाले दिए जिसमे महिलाओं ने हर्षोल्लास के साथ गणगौर पर्व को बनाया। इस पर्व में सभी सोलह श्रृंगार करके महिलाए अपने घर से निकलती है। अग्रवाल पंचायती भवन से गणगौर लेकर सभी ढोल ढमाके के साथ गणगौर लेकर बाघ बगीची अग्रवाल के बुध्यावार को गणगौर तारा अग्रवाल द्वारा स्वागत किया जाएगा। जिसका आयोजन जगदीश मंदिर सब्जी मंडी पर रखा गया है।

अध्यक्ष अग्रवाल महिला मंडल रुक्मणी रोहिला, प्रेमलता रूठिया, तारा अग्रवाल, मोहिनी अग्रवाल, हेमा अग्रवाल, मालती अग्रवाल, संध्या मोदी, मंजू भारतीय, ज्योति रूठिया, मधु गोयल, ममता पितलिया सभी ने उस पर्व को मनाने की कामना की है 19 तारीक को सिंजरा रहेगा जो की गांधी पार्क जाएगा उस दिन गणगौर स्वर्णकार समाज के द्वारा गाजे बाजे से गणगौर निकाली जाएगी।

### स्कूटी से टकराई तेज रफ्तार बुलेरो, दो की मौत

**सीहोर।** बीते रविवार की रात दोराहा थाना क्षेत्र के ग्राम झरखेड़ा जोड़ के समीप तेज रफ्तार बुलेरो कार के चालक ने आगे जा रही स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बुलेरो के एयरबैग भी उसमें सवार यात्री की जिंदगी नहीं बचा सके, वहीं स्कूटी पर सवार दो लोगों में एक की भी मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच प्रारंभ कर दी है। जानकारी के अनुसार रविवार की रात लगभग 10 बजे आरिफ नगर भोपाल निवासी मोहम्मद नवाज अपने साथी फाजिल के साथ स्कूटी से भोपाल की ओर जा रहा था। झरखेड़ा जोड़ के समीप पीछे से आ रही बुलेरो क्रमांक एमपी 04 ईबी 7116 के चालक ने स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि हादसे में स्कूटी सवार मो। नवाज का एक हाथ कटकर दूर जा गिरा और उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि फाजिल गंभीर रूप से घायल हो गया।

### 19 से शुरू होने जा रहा चैत्र नवरात्र, बुधनी सड़क की हालत बदहाल

# दिखावटी पैंचवर्क से नहीं सुधरेगा सलकनपुर मार्ग, नवरात्रि में पदयात्रियों की बढ़ेगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी

चैत्र नवरात्रि 19 मार्च से प्रारंभ होने जा रही है, लेकिन सलकनपुर मार्ग की स्थिति अब भी चिंताजनक बनी हुई है। मार्ग पर किए जा रहे पैचवर्क को लेकर क्षेत्र में चर्चा है कि यह कार्य केवल दिखावे के लिए किया जा रहा है। इस संबंध में कई बार समाचार पत्रों में खबर प्रकाशित होने के बाद भी सड़क की स्थिति में कोई विशेष सुधार नहीं हो पाया है।

नवरात्रि के दौरान हजारों श्रद्धालु मां बिजासन के दर्शन के लिए सलकनपुर तक पदयात्रा करते हैं। ऐसे में सड़क पर फैली धूल-मिट्टी और गिट्टी के कारण नंगे पैर चलने वाले पदयात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। गर्मी के मौसम में यह समस्या और अधिक बढ़ने की आशंका है।नवरात्रि से पहले सलकनपुर मार्ग की बदहाली

**नंगे पैर यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं को हो रही परेशानी, अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि को नहीं है ध्यान :** चैत्र नवरात्रि वर्ष 2026 इस बार 19 मार्च से प्रारंभ होकर 27 मार्च तक श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई जाएगी। नौ दिनों तक चलने वाले इस पावन पर्व पर क्षेत्र सहित दूर-दराज़ से हजारों श्रद्धालु मां बिजासन धाम सलकनपुर में दर्शन के लिए पहुंचते हैं। बड़ी संख्या में भक्त नंगे पैर, जयकारे लगाते हुए पदयात्रा कर मां के दरबार तक पहुंचते हैं।



नवरात्रि के दौरान सलकनपुर धाम की ओर जाने वाले मार्ग पर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें दिखाई देती हैं और “जय माता दी” के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो जाता है। कई श्रद्धालु मनोकामना पूर्ण होने पर परिवार सहित पैदल यात्रा करते हैं। युवा, महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे भी बड़ी आस्था के साथ इस पदयात्रा में शामिल होते हैं।

लेकिन इस वर्ष नवरात्रि से पहले ही सलकनपुर मार्ग की खराब स्थिति को लेकर चिंता की स्थिति बनी है और धाम तक पहुंचने वाले कई स्थानों पर सड़क पर धूल-मिट्टी और गिट्टी फैली हुई है। कहीं-कहीं सड़क उबड़-खाबड़ है तो कई जगह गड्ढे बने हुए हैं, जिससे नंगे पैर चलने वाले श्रद्धालुओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

दोपहर के समय धूप में गरम हुई गिट्टी और धूल भरा रास्ता श्रद्धालुओं के लिए और अधिक कष्टदायक साबित होता है। बुजुर्गों और बच्चों के लिए यह स्थिति और भी कठिन हो जाती है। श्रद्धालुओं का कहना है कि मार्ग की समुचित मरम्मत और साफ-सफाई न होने से पदयात्रा के दौरान आस्था के साथ-साथ असुविधा भी झेलनी पड़ रही है और उनका कहना है कि नवरात्रि जैसे बड़े धार्मिक आयोजन से पहले प्रशासन को मार्ग का निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत कार्य कराना चाहिए, ताकि हजारों श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुगम यात्रा का अनुभव मिल सके।

लोगों का कहना है कि मार्ग की खराब स्थिति केवल असुविधा ही नहीं बल्कि सुरक्षा की दृष्टि से भी गंभीर चिंता का विषय है। गड्ढों और फिसलन के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

नवरात्रि के दौरान जब हजारों की संख्या में भीड़ उमड़ती है, ऐसे में यदि मार्ग समतल और सुरक्षित न हो तो किसी अप्रिय घटना की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता। समतलीकरण, गड्ढों की भराई, धूल नियंत्रण और साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था की जाए। साथ ही पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, चिकित्सा सहायता और सुरक्षा व्यवस्था को भी मजबूत किया जाए।

नागरिकों का कहना है कि यदि प्रशासन समय रहते सक्रियता दिखाए तो हजारों श्रद्धालुओं की पदयात्रा सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित हो सकती है। आस्था और विश्वास के इस महापर्व पर मां बिजासन के दरबार तक पहुंचने वाले हर भक्त को बिना किसी परेशानी के दर्शन मिलें, यही क्षेत्रवासियों और श्रद्धालुओं की अपेक्षा है।

## खबर संक्षेप

### छात्र ने किया जिले में प्रथम स्थान प्राप्त



**बागली।** विगत दिनों अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा आयोजित हुई थी, जिसमें शासकीय माध्यमिक विद्यालय जटाशंकर की बालिका विशाखा चौहान ने भाग लिया था। विशाखा चौहान ने पूरे जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गोरांवित किया। इस दौरान विद्यालय की ओर से छात्रा का स्वागत किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्रधान अध्यापक सुरेश चंद्र मंडलोई और किरण प्रजापति ने छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### 17 घरेलू गैस सिलेंडरों को किया जब्त

**देवास।** जिला आपूर्ति अधिकारी देवास ने बताया कि सोमवार को कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी खातेगांव द्वारा हरणगांव एवं खातेगांव में घरेलू गैस सिलेण्डरों का दुरूपायोग रोकने के लिए होटल/रेस्टोरेन्टों की जांच की गई। जांच के दौरान हरणगांव में 04 प्रतिष्ठानों से 07 घरेलू गैस सिलेण्डर एवं खातेगांव में 09 प्रतिष्ठानों से 10 घरेलू गैस सिलेन्डरों का व्यावसायिक दुरूपयोग करते पाये जाने पर घरेलू गैस सिलेण्डरों को जप्त कर संबंधितों के विरूद्ध प्रकरण तैयार किये गये। इन प्रतिष्ठानों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत कर संबंधितों के विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### कलेक्टर ने निर्माणाधीन कलेक्टर कार्यालय, ब्रिज निर्माण कार्य का निरीक्षण किया

# कलेक्टर कार्यालय निर्माण कार्य को जुलाई तक पूर्ण करने के दिए निर्देश

**नागरिकों/यात्रियों की आवागमन सुविधा को देखते हुए ब्रिज निर्माण कार्य को बरसात से पहले पूरा करने के निर्देश।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने विकास कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और उन्हें समय-सीमा में पूर्ण करने के उद्देश्य से निर्माणाधीन कलेक्टर कार्यालय और इंदौर बायपास ब्रिज निमार्ण कार्य का निरीक्षण किया। कलेक्टर सिंह ने कलेक्टर कार्यालय के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिये कि श्रमिकों की संख्या बढाकर निर्माण कार्य को जुलाई-2026 तक पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि देवास माताजी टेकरी से प्रसिद्ध है इसलिए नागरिकों की धार्मिक आस्था को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर कार्यालय के मुख्य द्वार पर दोनों ओर माताजी की थ्रीडी पेंटिंग बनाई जाये। इस दौरान उन्होंने संबंधित इंजीनियरों से लेआउट के माध्यम से जानकारी भी ली। कलेक्टर सिंह ने कहा कि हर 15 दिन में निर्माणाधीन कलेक्टर कार्यालय का उनके द्वारा निरीक्षण किया जायेगा। कलेक्टर ने इंदौर बायपास ब्रिज निमार्ण कार्य का निरीक्षण कर निर्देश दिये कि निर्माण कार्य के दौरान सड़क सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जाये। कलेक्टर सिंह ने नागरिकों/यात्रियों की आवागमन सुविधा को देखते हुए निर्माण कार्य को बरसात से पहले पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने इस दौरान नाले से अतिक्रमण हटवाने के निर्देश भी दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करें। विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि वे नियमित रूप से प्रगति की समीक्षा करते रहेंगे। कलेक्टर श्री सिंह ने संबंधित अधिकारियों को समय-समय पर मौके पर जाकर निर्माण कार्य का निरीक्षण करने के निर्देश भी दिये। निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, अपर कलेक्टर संजीव जैन, संयुक्त कलेक्टर अंशु जावला, तहसीलदार सपना शर्मा एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



# मोबाइल लूट की वारदात करने वाले दो शातिर बदमाश गिरफ्तार

**थाना औद्योगिक क्षेत्र की प्रभावी कार्रवाई**



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद के द्वारा शहर में अड़ीबाडी करने वाले असामाजिक तत्वों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है । इसी क्रम में 11मार्च को मधुमिलन चौराहा स्थित 'भेरूनाथ फालूदा आइसक्रीम' के ठेले पर फरियादी बबलू भील मौजूद था। दोपहर करीब 12:15 बजे मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात बदमाशों ने फरियादी को मारपीट का डर दिखाकर धमकाया और उसका कीमती मोबाइल (POCO C-61) लूटकर फरार हो गए।

फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना औद्योगिक क्षेत्र में अपराध क्रमांक 223/2026, धारा 309(4) बी.एन.एस. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया । प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक देवास सुमित अग्रवाल के निर्देशन में थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र निरीक्षक श्री शशिकांत चौरसिया के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने ₹ऑपरेशन त्रिनेत्रम₹ के तहत क्षेत्र के 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। संदिग्धों के हुलिए को 'पुलिस कम्युनिटी व्हाट्सएप ग्रुप' में साझा किया गया, जिससे आरोपियों की पहचान समीर पिता संदीप परमार निवासी दशहरा मैदान क्षिप्रा देवास व सुधांशु पिता विरेन्द्र गुप्ता निवासी मालवीयनगर इन्दौर हाल मुकाम क्षिप्रा देवास के रूप में हुई । पुलिस ने दोनो आरोपियो को गिरफ्तर कर आरोपियो के कब्जे से लूटा गया मश्रुका बरामद कर आरोपियो को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है । उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी थाना औद्योगिक क्षेत्र निरीक्षक शशिकान्त चौरसिया,उनि गौरव नगावत,प्रआर शैलेन्द्र राणा(थाना कोतवाली),आर अजय जाट,नरेन्द्र सिरसाम,लक्ष्मीकांत थाना औद्योगिक क्षेत्र देवास एवं सायबर सेल टीम से प्रआर सचिन चौहान की सराहनीय भूमिका रही।

# पांच दिवसीय भूकंप जोखिम न्यूनीकरण और ध्वस्त संरचना खोज व बचाव संबंधित कार्यशाला का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




मप्र राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण भोपाल, गृह विभाग तथा आपदा प्रबंधन संस्थान भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में, जिला कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार विक्रम सभा भवन में पाँच दिवसीय भूकंप जोखिम न्यूनीकरण कार्यशाला का शुभारंभ 18 मार्च से हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि संजय बारोनिया (प्रोफेसर, केपी कॉलेज) द्वारा किया गया। कार्यशाला के प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में संजय बारोनिया (एनसीसी ऑफिसर, केपी कॉलेज), संदीप नागर (प्रोफेसर, केपी कॉलेज), डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड डॉ. मधु राजेश तिवारी तथा वीना कौशल (प्लाटून होमगार्ड) उपस्थित रहे। इस सत्र में विद्यार्थियों को भूकंप से पूर्व तैयारी, शमन एवं आपातकालीन प्रतिक्रिया से संबंधित बुनियादी जानकारी दी गई। साथ ही खोज एवं बचाव, प्राथमिक चिकित्सा तथा आपदा के दौरान आवश्यक कौशलों का प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। वक्ताओं द्वारा भूकंप के दौरान खोज एवं बचाव की तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें आंतरिक एवं बाहरी परिस्थितियों में सुरक्षित रहने के उपाय तथा आपातकालीन प्राथमिक उपचार का अभ्यास कराया गया। कार्यशाला में लगभग 50 विद्यार्थी एवं 50 शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को भूकंप आपदा से संबंधित किट का वितरण भी किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में आपदा जोखिम को कम करना तथा विशेष रूप से भूकंप के समय सही तैयारी और जागरूकता विकसित करना है।

# भूतड़ी अमावस्या पर चन्द्रकेश्वर तीर्थ स्थल व धाराजी घाट पर उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



बागली तहसील के चन्द्रकेश्वर तीर्थ स्थल एवं धाराजी घाट पर भूतडी अमावस्या के अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओ ने पहुंचकर आस्था की डुबकी लगाई। बुधवार को भूतड़ी अमावस्या पर क्षेत्र सहित अन्य जिलों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु चन्द्रकेश्वर तीर्थ स्थल एवं धाराजी घाट पर पहुंचे। जहां पर मां नर्मदा घाट पर आस्था की डुबकी लगाई गई। यहां पर कई तांत्रिक क्रियाएं भी देखने को मिली। हिंदू शास्त्र में इस अमावस्या का बड़ा महत्व माना जाता है।सभी लोग मां नर्मदा के घाटों पर स्नान करने जाते हैं। सुबह से ही लोगों की भीड़ लगने लगी थी। दिन भर श्रद्धालुओं का आने जाने का सिलसिला जारी रहा। बुधवार को चापडा चौराहे पर भी अमावस्या होने के कारण यातायात का दबाव काफी अधिक रहा। कई बार चौराहे पर जाम लगने की स्थितियां भी उत्पन्न होती दिखाई दी। चन्द्रकेश्वर में ग्राम पंचायत करौंदिया द्वारा व्यवस्थाएं की गई।

# ग्रैंड स्किन एंड बिजनेस सेमिनार का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शहर में सौंदर्य एवं स्किन केयर से जुड़े पेशेवरों और इच्छुक प्रतिभागियों के लिए आयोजित एक दिवसीय "ग्रैंड स्किन एंड बिजनेस सेमिनार" सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह आयोजन एसएसपीएसएसआई अकादमी द्वारा ए.बी. रोड स्थित मल्हार स्मृति मंदिर, सयाजी द्वार, देवास में किया गया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश ब्यूटी एसोसिएशन की प्रेसिडेंट सुनीता जायसवाल ने विशेष रूप से भाग लेते हुए स्किन एवं मेकअप से जुड़े महत्वपूर्ण टिप्स साझा किए। उन्होंने खासतौर पर गर्मियों में मेकअप कैसे किया जाए, इस विषय पर विस्तृत जानकारी दी। सेमिनार का उद्देश्य प्रतिभागियों को आधुनिक स्किन ट्रीटमेंट तकनीकों के साथ-साथ व्यवसायिक ज्ञान प्रदान करना था। साथ ही अपने सेलिब्रिटी बैकअप आर्टिस्ट अनुभव भी प्रतिभागियों के साथ साझा किए। नागपुर से आई विशेषज्ञ शिल्पा ने स्किन केयर से जुड़ी आधुनिक तकनीकों के साथ "पोटली फैशन" और "ग्लो ब्लास्ट स्पेशल" जैसे ट्रेंडिंग ट्रीटमेंट्स के बारे में जानकारी दी, जो वर्तमान में काफी लोकप्रिय हैं। सेमिनार में प्रतिभागियों को एक ही दिन में दो अलग-अलग फेशियल तकनीकों के साथ मेकअप लुक का प्रायोगिक प्रशिक्षण भी दिया गया। इसके अलावा पिग्मेंटेशन ट्रीटमेंट, एंटी एजिंग ट्रीटमेंट, स्किन एवं हेयर कंसल्टेंसी टिप्स, आयुर्वेदिक तत्वों से हेयर ग्रोथ, बॉडी पॉलिशिंग, पिंपल ट्रीटमेंट, डैंड्रफ और हेयर फॉल जैसी समस्याओं के समाधान पर भी विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। उक्त जानकारी कार्यक्रम संयोजक दीपना पेंटर ने दी।

# अवैध शराब और हथियार रखने वाले आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा




अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सौम्या जैन एवं एसडीओपी संजय सिंह वैस के मार्गदर्शन में थाना कमलापुर पुलिस द्वारा सोमवार को कस्बा भ्रमण एवं थाना क्षेत्र के फरार चल रहे गुंडे नब्बू की तलाशी के दौरान उसके अड्डे पर मिले आरोपी छोटू पिता हीरालाल कोरकू उम्र 34 साल निवासी ग्राम खेड़ाखाल को अवैध शराब एवं अवैध हथियार धारदार छुरे के साथ के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीणा ने बताया कि आरोपी के पास से अंग्रेजी शराब के 43 क्वार्टर कीमत 4 हजार 357 तथा एक लोहे का धारदार चाकू के साथ गिरफ्तार आरोपी छोटू कोरकू के विरुद्ध थाना कमलापुर पर अपराध दर्ज किया गया है। मंगलवार को आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। इस सराहनीय कार्य में थाना कमलापुर के उप निरीक्षक सर्जनसिंह, प्र.आर. राजेंद्र शर्मा, आरक्षक जीवन मालवीय,कोर्ट मुंशी आरक्षक लोकेश मेहरा,सैनिक विष्णु प्रसाद सोनी का सहयोग रहा है।

### आज से शुरू हो रहा मां की आराधना का महापर्व, माता टेकरी पर तैयारी पूर्ण

# चैत्र नवरात्र में माता टेकरी पर पहुंचेंगे लाखों भक्त, करेंगे भक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



माँ की आराधना का महापर्व चैत्र नवरात्रि पर्व की शुरुआत आज गुरुवार से होगी। माता टेकरी स्थित मां तुलजा भवानी और मां चामुंडा के दर्शन के लिए दूर-दूर से लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। इसे लेकर प्रशासन और देवस्थान समिति ने व्यापक तैयारियां की हैं। गर्मी को देखते हुए टेकरी के दोनों मंदिरों और रपट मार्ग पर कारपेट बिछाए गए हैं, ताकि श्रद्धालुओं को गर्म जमीन से राहत मिल सके। रपट मार्ग पर जगह-जगह टेंट लगाए गए हैं। वहीं टेकरी पर पानी के फव्वारे वाले पंखे भी लगाए जा रहे हैं, जिससे भीषण गर्मी में राहत मिलेगी। श्रद्धालुओं के लिए प्याऊ स्थापित किए गए हैं। रपट मार्ग पर मटकों में ठंडा पानी उपलब्ध रहेगा, साथ ही वाटर कूलर भी दुरुस्त किए गए हैं। नगर निगम के कर्मचारी पूरे नवरात्र के दौरान शिफ्टवार सफाई व्यवस्था संभालेंगे, ताकि परिसर साफ-सुथरा बना रहे। दर्शनार्थियों की सुरक्षा के लिए टेकरी पर 70 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनकी निगरानी कंट्रोल रूम से की जाएगी। श्रद्धालुओं की भीड़ को व्यवस्थित करने के लिए टेकरी पर जिगजैग मार्ग बनाया गया है, जिससे दर्शन सुचारू रूप से हो सकें।

### हिंदू नववर्ष पर बजरंग सेना संगठन की भव्य भगवा यात्रा आज

हिन्दू नववर्ष, गुड़ी पड़वा के महापर्व पर बजरंग सेना संगठन द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस 19वे वर्ष में भी भारतीय संस्कृति का परचम लहराते हुए हिन्दुत्व एकता दिखाने के उद्देश्य एवं धर्म रक्षा के संकल्प के साथ भव्य भगवा यात्रा निकाली जाएगी । यात्रा संयोजक एवं संगठन संस्थापक एडवोकेट उमेश चौधरी ने बताया कि यह धार्मिक एवं सांस्कृतिक यात्रा 19 मार्च को सयाजी द्वार से शाम 5 बजे प्रारंभ होगी, जो शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए निकलेगी। यात्रा का उद्देश्य समाज में धर्म, संस्कृति और एकता का संदेश फैलाना है। यात्रा पश्चात महाआरती के साथ महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। संगठन ने समस्त हिन्दू समाज से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म ध्वजा का परचम लहराने की अपील की है।

### श्रमजीवी पत्रकार संघ के चुनाव सम्पन्न

**कांटा फोड़।** श्रमजीवी पत्रकार संघ कन्नौद ब्लॉक के चुनाव शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं उत्साहपूर्ण माहौल में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुए। इस चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए रविन्द्र परमार एवं डॉ. गणेश जायसवाल के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें रविन्द्र परमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 13 मतों से विजय प्राप्त कर ब्लॉक अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया।चुनाव परिणाम घोषित होते ही समर्थकों एवं पत्रकार साथियों में खुशी की लहर दौड़ गई। वहीं, चुनाव उपरांत सर्वसम्मति से मनोज डाबी को ब्लॉक सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई, जो संगठन की एकजुटता का प्रतीक माना जा रहा है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष रविन्द्र परमार एवं सचिव मनोज डाबी को क्षेत्र के पत्रकार साथियों, समाजसेवियों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा बधाइयों का तांता लग गया। शुभकामनाएं देने वालों में अतुल गुप्ता, विनोद भूतड़ा, ओमप्रकाश परमार, श्रीराम पटेल, आकाश सेठी, राजेन्द्र तंवर, द्वारका शर्मा, राजकुमार मोदी, बालकृष्णन शर्मा, मेहबूब खान, हरविन्दर भाटिया, ओमप्रकाश ठंडी, कमल सोलंकी, सोहन राठौर, यूसुफ खान, हरीश दुबे, राजेश परमार, दीपक धारीवाल, मांगीलाल मालवी, हेमंत गुर्जर, डॉ. बाबूलाल चौधरी, अखिलेश तिवारी, विजय जाट, सुनील यादव, भारत यादव, अरविंद भूतड़ा, कन्हैया सत्तावन, सोनू सिंगनाथ, आनंद योगी एवं आनंद गुप्ता सहित अनेक गणमान्यजन शामिल रहे। इसके साथ ही कांटाफोड़ एवं लोहारदा क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों ने भी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। अध्यक्ष रविन्द्र परमार ने सभी मतदाताओं एवं समर्थकों का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को मजबूत बनाने संकल्प दोहराया।

## खबर संक्षेप

### पत्नी को फोन पर परेशान करने का विरोध, युवक की पिटाई

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवक को अपनी पत्नी के साथ हो रही छेड़खानी का विरोध करना भारी पड़ गया। आरोपी ने अपने परिजनों के साथ मिलकर पीड़ित के घर में घुसकर उसके साथ लात-घूंसों और डंडों से जमकर मारपीट की। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव का ही रहने वाला सुंदरम पुत्र श्रीराम पिछले काफी समय से उसकी पत्नी के मोबाइल नंबर पर फोन करके उसे परेशान कर रहा था। आरोपी महिला को डराता-धमकाता था और किसी को न बताने की धमकी देता था। 17 मार्च 2026 की सुबह करीब 10 बजे जब रामप्रताप को इस बात की जानकारी हुई, तो उसने फोन के माध्यम से सुंदरम को समझाने की कोशिश की। इससे आक्रोशित होकर आरोपी सुंदरम पीड़ित के घर पहुंच गया और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने रामप्रताप की पिटाई शुरू कर दी। शोर सुनकर आरोपी का चाचा और भाई भी वहां पहुंच गए और तीनों ने मिलकर पीड़ित को लात-घूंसों व डंडों से पीटा। बीच-बचाव करने आए पीड़ित के दादा-दादी के साथ भी अभद्रता की गई। जाते समय आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी सुंदरम, उसके चाचा रहीश और भाई विक्रम के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है।

### विज्ञान दिवस पर प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी

**ललितपुर ।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद लखनऊ के तत्वाधान में जिला विज्ञान क्लब ललितपुर के अंतर्गत अध्यक्ष/जिलाधिकारी सत्य प्रकाश एवं उपाध्यक्ष/मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान की सहमति व निर्देश के अनुपालन में आगामी 20 मार्च 2026 को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महरौनी में विज्ञान दिवस पर कार्यक्रम/प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। जिला विज्ञान क्लब समन्वय राहुल जैन ने बताया कि विषय विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान कार्यक्रम, विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी, भाषण प्रतियोगिता,पोस्टर एवं पेंटिंग प्रतियोगिता, निबंध कार्यक्रम, प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। जिला विद्यालय निरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि समस्त राजकीय, अशासकीय, वित्तविहीन विद्यालयों को निर्देशित किया है कि सभी छात्र-छात्राओं को बढ़-चढ़कर प्रतिभाग कराया जाए,इस प्रतियोगिता में बेसिक शिक्षा विभाग के भी कक्षा 6-8 तक के छात्र-छात्राएं प्रतिभाग कर सकेंगे। इस अवसर पर सेवानिवृत विज्ञान विज्ञान शिक्षकों को भी सम्मानित किया जाएगा।

### एसपी की जनसुनवाई से जनता में बढ़ रहा भरोसा

**टीकमगढ़।** जिले में पुलिस और आमजन के बीच विश्वास को मजबूत करने के उद्देश्य से शुरू की गई साप्ताहिक जनसुनवाई एवं नागरिक संवाद पहल प्रभावी रूप से संचालित हो रही है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई की इस पहल ने न केवल लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान का रास्ता खोला है, बल्कि पुलिस व्यवस्था को अधिक संवेदनशील और जवाबदेह बनाने की दिशा में भी सकारात्मक परिणाम दिए हैं। मंगलवार को जिला मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा तथा एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे की उपस्थिति में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याएं सीधे सुनीं। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक व्यक्ति की बात को धैर्यपूर्वक और गंभीरता से सुनते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए, जिससे नागरिकों को अपनी बात रखने के लिए सहज और विश्वासपूर्ण वातावरण मिला। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त आवेदनों को प्राथमिकता के साथ दर्ज किया गया। कई मामलों का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि लंबित प्रकरणों में निष्पक्ष जांच कर शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

### विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश की थीम पर विकास भवन में समारोह आयोजित

# जनप्रतिनिधियों ने सरकार की उपलब्धियां गिनाई, डीएम ने विकास को प्रक्रिया बताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

उत्तर प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकास भवन सभागार में संकल्प से सिद्धि-सुरक्षा-सुशासन-समृद्धि की थीम पर विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश समारोह का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से विगत नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश में अभूतपूर्व विकास और सतत समृद्धि को लगायी गई प्रदर्शनी के माध्यम से जनमानस को अवगत कराया गया तथा जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार साहित्य का वितरण भी किया गया।

इस अवसर पर राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग उप्र मनोहर लाल पंथ, जिलाध्यक्ष बीजेपी हरीशचन्द्र रावत, नगर पालिका अध्यक्षा सोनाली जैन, सांसद प्रतिनिधि अनिल पटैरिया, एमएलसी प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी, जिलाधिकारी सत्य प्रकाश, मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान ने मां सरस्वती जी के चित्र पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, तत्पश्चात सभी अतिथिगणों के द्वारा सूचना विभाग के माध्यम से लगायी गई सरकार की नौ वर्ष की अभूतपूर्व उपलब्धियों की चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर लखनऊ से प्रसारित मुख्य कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया, जिसमें मा. मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को संबोधित किया और नौ वर्षों के विकास और उपलब्धियों को बताया। कार्यकम के दौरान जनपद के प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से जुड़कर कार्यक्रम की सराहना की और सरकार द्वारा जनपद में कराये गए विकास कार्यों की जानकारी दी तथा सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर जनपदवासियों को बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान प्रेस वार्ता आयोजित कर मीडिया बंधुओं को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ एवं जिलाध्यक्ष भाजपा हरीशचन्द्र रावत ने संयुक्त रुप से जनपद में कराए गए विकास कार्यों के बारे में जानकारी दी, उन्होंने एयरपोर्ट, बल्क ड्रग पार्क, मेडिकल कॉलेज, किसान ऋण मुक्ति, जीरो पावर्टी कार्यक्रम, फॉर्मर रजिस्ट्री, रोजगार, सुमेरा तालाब का सुन्दरीकरण, चौपाटी निर्माण आदि विषयों पर जानकारी दी। कार्यक्रम में अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी अपने अपने विचार प्रकट किए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के कई कार्य चल रहे हैं, ग्रामीण क्षेत्रों में 16 सौ से अधिक मजरों को मुख्य मार्गों से जोड़ने का कार्य चल रहा है, नगरीय क्षेत्र में शहर की मुख्य सड़क का चौड़ीकरण कार्य भी चल रहा है। उन्होंने कहा कि विकास एक सतत प्रक्रिया है, जो चलता रहता है। शहर में चौपाटी का निर्माण, सुमेरा तालाब का सौन्दर्यीकरण जैसे कई महत्वपूर्ण कार्य भी हमारी कार्ययोजना में शामिल है। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकरी डॉ इम्तियाज अहमद, परियोजना निदेशक डीआरडीए दीपक कुमार यादव, जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी नीरज सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका दिनेश कुमार विश्वकर्मा, सहायक आयुक्त सहकारिता अरविन मेहर, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल सहित अन्य अधिकारीगण, महिला शक्ति व आम नागरिक उपस्थित रहे।




### अधिवक्ता से अभद्रता करने का आरोप

## दो दरोगाओं, 4 पुलिसकर्मियों पर एफआईआर के आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिले में पुलिसिया बर्बरता का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मयंक जायसवाल की अदालत ने एक अधिवक्ता की शिकायत पर कड़ा रुख अपनाते हुए कोतवाली ललितपुर के दो दरोगाओं, एक सिपाही और एक होमगार्ड के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। अदालत ने थाना प्रभारी को दो कार्य दिवस के भीतर एफआईआर दर्ज कर न्यायालय को सूचित करने के निर्देश दिए हैं।

मामला 7 दिसंबर 2025 का है। पीड़ित कृपाल सिंह जो कि बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश में पंजीकृत अधिवक्ता हैं, ने अदालत को बताया कि गांव में उनकी भांजी के साथ हुई मारपीट की सूचना पर उन्होंने 112 नंबर पुलिस बुलाई थी। आरोप है कि मौके पर पहुंचे दैलवारा चौकी प्रभारी ललित उज्वल और दरोगा दीपक डागर ने मदद करने के बजाय उल्टा अधिवक्ता और उनके चचेरे भाई केहर सिंह को घर से घसीटकर गाड़ी में डाल लिया। हवालात में बर्बरता और कथित तौर पर जूते चटवाने का आरोप अधिवक्ता कृपाल सिंह ने अपने शिकायती पत्र में लगाए हैं। उनके अनुसार कोतवाली ले जाने के बाद दरोगा दीपक डागर और ललित उज्वल ने होमगार्ड परमाल सिंह से उन्हें कमरे में बुलवाया। वहां तीनों ने लात-घूंसों और पट्टों से अधिवक्ता की बेरहमी से पिटाई की। इसके बाद आरक्षी (सिपाही) दीपेन्द्र भी मारपीट में शामिल हो गया। आरोप है कि दरोगाओं ने अधिवक्ता का वीडियो बनाया और अपशब्द कहे। प्रार्थी ने आरोप लगाया कि पुलिसकर्मियों ने उनसे कहा कि मेरे जूतों को चाटो, इस वीडियो को वायरल करेंगे कि कैसे एक वकील जूते चाट रहा है। अधिवक्ता का गला दबाया गया और धमकी दी गई कि यदि कहीं शिकायत की या मेडिकल में कुछ बताया तो जान से मार देंगे। अधिवक्ता ने पुलिस अधीक्षक से लेकर आईजीआरएस पोर्टल तक न्याय की गुहार लगाई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। अंततः उन्होंने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 173(4) के तहत न्यायालय की शरण ली। प्रस्तुत साक्ष्यों, मेडिकल रिपोर्ट और शपथपत्र का अवलोकन करने के बाद सीजेएम मयंक जायसवाल ने माना कि प्रथम दृष्टया अपराध कारित होना प्रतीत होता है। न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि आवेदक के प्रार्थनापत्र व अभिलेखों के आधार पर अपराध कारित किए जाने से इनकार नहीं किया जा सकता।

## साइबर ठगी के शिकार युवक को पुलिस ने वापस कराए 2000 रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जाखलौन ऑनलाइन ठगी के शिकार युवक को जाखलौन थाने की साइबर टीम ने बड़ी राहत दिलाते हुए उनके खाते में 2000 रुपए वापस कराए। पैसा वापस मिलने पर पीड़ित ने पुलिस का आभार जताया। जानकारी के अनुसार जाखलौन निवासी संतोष योगी पुत्र मुन्ना लाल योगी के साथ विगत दिनों पूर्व 2000 रुपए का साइबर फ्रॉड हो गया था।

जिसकी सूचना युवक ने एनसीआरपी पोर्टल पर ऑनलाइन फ्रॉड की शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित के अनुसार साइबर ठगो ने ऑनलाइन माध्यम से उसके खाते से 2000 रुपए की ठगी कर ली थी। ठगी का पता चलते ही उसने तत्काल साइबर शिकायत दर्ज कराई। मामले को संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व साइबर अपराध में विशेष नियंत्रण हेतु अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में थाना जाखलौन की साइबर सेल टीम में जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए ट्रांजेक्शन ट्रेंस कर पीड़ित की ठगी की गई राशि 2000 रुपए वापस उसके खाते में ट्रांसफर करा दिए। पैसा वापस मिलने पर संतोष योगी ने साइबर सेल टीम की सराहना की। पुलिस ने पीड़ित को साइबर जागरूकता अभियान के तहत ऑनलाइन ठगी से बचने के उपाय भी बताएं और अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने की सलाह दी। इस कार्यवाही में थाना अध्यक्ष उप निरीक्षक अर्जुन सिंह, उप निरीक्षक विनय कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर ग्रेड बी विवेक राज मिश्रा, आरक्षी अजय पाल सिंह की भूमिका रही।




### कांग्रेस ने प्रदर्शन कर सरकार पर निशाना साधा

## गैस सिलेंडर के बढ़े दाम व कालाबाजारी का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

रसोई गैस (एलपीजी) एवं कमर्शियल गैस सिलेंडरों की बढ़ती कीमतों, आपूर्ति में बाधा और कालाबाजारी के विरोध में शहर के कम्पनी बाग में कांग्रेस पार्टी द्वारा जोरदार धरना-प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन नगर अध्यक्ष पं.रामनरेश दुबे के नेतृत्व में आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।

धरने के दौरान कार्यकर्ताओं ने केन्द्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए गैस की कीमतों में की गई हालिया बढ़ोतरी का विरोध जताया। सभा को संबोधित करते हुए पं.रामनरेश दुबे ने कहा कि हाल ही में घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में लगभग 60 रुपये तथा कमर्शियल गैस सिलेंडरों में 100 रुपये से अधिक की वृद्धि की गई है, जिससे आम जनता, छोटे व्यापारियों, होटल संचालकों और मध्यम वर्ग पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार गैस की कीमतों को नियंत्रित करने में पूरी तरह विफल रही है। साथ ही कई क्षेत्रों में गैस सिलेंडरों की आपूर्ति बाधित होने से लोगों को समय पर गैस नहीं मिल पा रही है, जिससे उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी लगातार बढ़ रही है। विभिन्न राज्यों में अवैध भंडारण और कालाबाजारी के मामले सामने आने से स्थिति और गंभीर हो गई है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार से मांग की कि गैस सिलेंडरों के बढ़े हुए दाम तत्काल वापस लिए जाएं, सभी क्षेत्रों में गैस की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए तथा आम जनता को राहत देने के लिए सब्सिडी बढ़ाई जाए। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं करती है, तो पार्टी बड़े स्तर पर आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष राम सिंह यादव ने किया। इस दौरान गजेंद्र सिंह बुंदेला, राजा राजपाल सिंह, रफीक अली, अमन साहू, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष, महेश रजक बाबूजी, सीताराम राय, रामकुमार अहिरवार, खलक सिंह राजपूत, रमेश सेन, आकाश, समरथ कुशवाहा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### अंबेडकर महासभा की बैठक हुई

## जयंती समारोह 14 अप्रैल को अंबेडकर पार्क पर मनाए जाने पर चर्चा की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

बुधवार को अंबेडकर महासभा की ओर से एक मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें सिंबल ऑफ नॉलेज विश्व रतन संविधान निर्माता डा.बी.आर. अंबेडकर की जयंती मनाने हेतु मीटिंग का आयोजन किया गया। जयंती समारोह 14 अप्रैल अंबेडकर पार्क जेल चौराहा पर मनाए जाने पर चर्चा हुई। उक्त कार्यक्रम का आयोजन 14 अप्रैल को सुबह 9 से 3 बजे तक होगा।

मुख्य अतिथि जिले के अधिकारी गण गण मान्य नागरिक समाज सेवीकरण माता बहनों और छात्र-छात्राएं शामिल रहेंगी। बैठक की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ समाज से भी रामप्रकाश भारती सेवा निर्मित सिंचाई विभाग ने कहा कि इस बार डा.बी.आर.अंबेडकरजी का जन्मदिन ऐतिहासिक होगा। वही संचालन कर रहे डा.खेमचंद वर्मा ने कहा की बाबा साहब अंबेडकर किसी एक जाति विशेष के नहीं है, बाबा साहब अंबेडकर सभी समाज की प्रिय हैं। बैठक में एड.हरगोविंद अहिरवार नेहरू नगर, एड. रानू कुमार गौतम चांदोरा, एड.अर्जुन सिंह बेसरा, एड. अनिल कुमार गौतम नेहरू नगर, एड. पूनम राजपूत और भी अन्य लोग उपस्थित रहे। अंत में समिति जिलाध्यक्ष दीपक नंदलाल गौतम ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए इस बार जयंती बहुत ही धूमधाम से और परंपरागत तरीके से मनाई जाएगी।



## 15 अप्रैल को सामूहिक विवाह सम्मेलन, श्रम विभाग ने जारी की पात्रता व लाभ की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

श्रम विभाग द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के हित में 15 अप्रैल को झांसी में सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत पात्र श्रमिकों की पुत्रियों के विवाह हेतु आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

श्रम प्रवर्तन अधिकारी अनिल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सम्मेलन का लाभ केवल उन्हीं श्रमिकों को मिलेगा, जिन्होंने बोर्ड में पंजीकरण के बाद कम से कम 365 दिनों की सदस्यता अवधि पूर्ण कर ली हो। उन्होंने बताया कि विवाह सम्पन्न होने के एक वर्ष के भीतर तथा सामूहिक विवाह की स्थिति में 15 दिन पूर्व आवेदन करना अनिवार्य है। लाभार्थी श्रमिक की पुत्री एवं वर का आधार प्रमाणीकरण भी जरूरी कर दिया गया है। योजना का लाभ अधिकतम दो संतानों तक सीमित रहेगा। साथ ही पुत्री की न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं वर की 21 वर्ष निर्धारित की गई है। आवश्यक अभिलेखों में पुत्री एवं वर की आयु प्रमाणित करने हेतु जन्म प्रमाण पत्र, स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट या परिवार रजिस्टर की स्वप्रमाणित प्रति, विवाह न होने का प्रमाण पत्र (ग्राम प्रधान, तहसीलदार, सभासद, पार्षद द्वारा प्रमाणित), श्रमिक के कुटुंब रजिस्टर या राशन कार्ड की प्रति, पिछले 12 महीनों में कम से कम 90 दिन कार्यरत होने का प्रमाण पत्र तथा अन्य योजना का लाभ न लेने का स्वघोषणा पत्र शामिल हैं। यदि पुत्री गोद ली गई है तो संबंधित अभिलेख भी प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। देय लाभ के अंतर्गत सामूहिक विवाह में प्रत्येक पुत्री के विवाह हेतु 85 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। साथ ही आयोजन के लिए प्रति जोड़े 15 हजार रुपये की राशि आयोजनकर्ता को दी जाएगी। यदि किसी कारणवश एक पक्ष उपस्थित नहीं होता है, तो सामान्य या अंतर्जातीय विवाह की स्थिति में राशि का समायोजन किया जाएगा। पंजीकृत महिला श्रमिकों के स्वयं के विवाह पर भी यह लाभ लागू होगा, बशर्ते उनके माता-पिता द्वारा पूर्व में इस मद में राशि प्राप्त न की गई हो। पुनर्विवाह के मामलों में भी समान धनराशि देय होगी। अधिक जानकारी के लिए श्रम विभाग की वेबसाइट पर विजिट किया जा सकता है या सहायक श्रम आयुक्त कार्यालय, कोहिनूर गार्डन के सामने, सदनशाह रोड, ललितपुर में संपर्क किया जा सकता है।

## शादी छिपाकर डॉक्टर से विवाह किया पत्नी 20 लाख व जेवरात लेकर फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला आजादपुरा में धोखाधड़ी का मामला सामने आया है, महिला डॉक्टर पर अपने पहले पति से तलाक हुए बिना दूसरी शादी करने और पति के परिवार से लाखों रुपए की ठगी करने का आरोप लगा है।


पुलिस ने पीड़ित डॉक्टर की शिकायत पर पत्नी सहित छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पीड़ित डा. पीयूष डी. जैन ने बताया कि उनकी शादी 8 फरवरी 2020 को इंदौर निवासी डा. प्रिया जैन के साथ हुई थी। प्रिया पहले से शादी शुदा थी और उसने पहले पति के साथ चल रहे अदालती मामले को छिपाकर यह शादी की थी। शादी के बाद आरोपी महिला ने अपने माता-पिता और भाई को भी ललितपुर बुला लिया और पीड़ित के घर में ही रहने लगे। पीड़ित के अनुसार, मई 2024 में उसकी पत्नी ने उसके पिता से उधार के नाम पर 20 लाख रुपए आरटीजीएस के जरिए अपने खाते में मंगवा लिए। सितंबर 2025 में जब डा.पीयूष एक मामले में गवाही देने दिल्ली गए थे, तब मौका पाकर उनकी पत्नी और ससुराल वालों ने घर में रखे 2.50 लाख रुपए नकद, करीब 7 लाख रुपए के सोने के जेवरात, शादी का प्रमाण पत्र और अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो गए। वापस आने पर पीड़ित को घर पर ताला लटका मिला। डा.पीयूष ने आरोप लगाया कि पैसों की मांग की तो उनकी पत्नी ने परिवार के खिलाफ घरेलू हिंसा का झूठा केस दर्ज करा दिया। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर आरोपी पत्नी प्रिया जैन, ससुर प्रमोद जैन, सास मीना जैन, साले प्रिंकेश जैन, लकी जैन और रिश्तेदार हितेन्द्र जैन बड़घरिया के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जिज्ञासा समाधान कार्यक्रम के दौरान कहा, जीवों को बचाना ही सबसे बड़ा धर्म

## मुनिश्री सुधासागर ने मानव ऑर्गेनाइजेशन के गौरैया संरक्षण को सराहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

विश्व प्रसिद्ध दिगंबर जैन संत, निर्यापक श्रवण मुनि पुंगवश्री सुधासागर महाराज ने प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य कर रहे मानव ऑर्गेनाइजेशन और उनके गौरैया बचाओ अभियान की मुक्त कंठ से सराहना की है। ललितपुर में आयोजित जिज्ञासा समाधान कार्यक्रम के दौरान महाराज श्री ने संगठन के संस्थापक पुष्पेंद्र सिंह चौहान और उनकी टीम के प्रयासों को मानवता और प्रकृति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। इस दौरान टीम के सदस्य डा. राजीव निरंजन, अभय जैन, सचिन जैन, बलराम कुशवाहा, गौरव ड्योढिया उपस्थित रहे। अभियान की सराहना करते हुए महाराजश्री ने कहा कि प्रकृति ने जितने भी जीव-जंतु बनाए हैं, वे मनुष्य के लिए हितकारी हैं। उन्होंने भावुक होते हुए अपने बचपन को याद किया और कहा कि पहले सुबह-शाम गौरैया की जो चीं-चीं सुनाई देती थी, वह अब गायब हो गई है। विज्ञान आज इतना अंधा हो गया है कि वह केवल मानव सुख के पीछे भाग रहा है, यह भूलकर कि इन बेजुबान पक्षियों की उपस्थिति ही हमारा सबसे बड़ा उपकार है।





### मानव ऑर्गेनाइजेशन के कार्यों पर महाराज की मुहर

संगठन द्वारा गौरैया के लिए बनाए जा रहे कृत्रिम लकड़ी के घोंसलों का अवलोकन करते हुए महाराज जी ने कहा कि यह सराहनीय पहल है। उन्होंने समाज को संदेश दिया कि हर व्यक्ति को अपने घर, बालकनी और फार्म हाउस में ऐसे घोंसले लगाने चाहिए। उन्होंने टीम को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि उन जीवों को बचाओ जिन्हें दुनिया नहीं बचा रही है। गौरैया बचाओ अभियान में अब मैं भी आपके साथ जुड़ता हूँ।

### *2006 से निरंतर जारी है सेवा*

*समाचार के दौरान यह भी रेखांकित किया गया कि मानव ऑर्गेनाइजेशन वर्ष 2006 से पर्यावरण व वर्ष 2011से विलुप्त होती गौरैया के संरक्षण के लिए जमीनी स्तर पर कार्य कर रहा है। संगठन की टीम घर-घर जाकर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक कर रही है।*

### *राष्ट्र और समाज के लिए संदेश*

*महाराजश्री ने स्पष्ट किया कि जीव संरक्षण केवल एक सामाजिक कार्य नहीं, बल्कि नैतिक धर्म है। उन्होंने कहा कि जीवों की उपस्थिति ही प्रकृति का संतुलन बनाए रखती है। इस अवसर पर संगठन की टीम को महाराज श्री का विशेष आशीर्वाद प्राप्त हुआ, जिससे कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है।*

राजगढ़ स्वास्थ्य विभाग का मामला, सभी झाड़ रहे अपनी जिम्मेदारियों से पलड़ा

# बगैर उपस्थिति पत्रक 8 महीने निकलती रही मृतिका कर्मचारी की सैलरी

**शिकायत के बाद ज्वाइंट डायरेक्टर नीरा चौधरी भोपाल ले गईं पूरा रिकार्ड**





सुनील गोले ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ जिले के स्वास्थ्य विभाग में मरीजों की जान के साथ अक्सर हो रहे खिलवाड़ के बाद अब एक गैर-जिम्मेदारापूर्ण वित्तीय अनियमिता का मामला सामने आया है। दरअसल, सीएमएचओ कार्यालय में पदस्थ एकाउन्टेंट एक महिला कर्मचारी की मृत्यु के आठ महीनों तक उसकी (मृतिका) की तनख्वाह खाते में हस्तांतरित करते रहे।

इस पूरे गड़बड़झाले में बड़ी बात यह है कि संबंधित मृतिका कर्मचारी की बगैर उपस्थिति पत्रक के खाते में सैलरी डलती रही। पिछले दिनों इस संबंध में भोपाल में हुई शिकायत के बाद जिले में आईं विभाग की संयुक्त संचालक (जेडी) डॉ. नीरा चौधरी पूरा रिकार्ड अपने साथ लेकर गई हैं। बताया जा रहा है कि भोपाल स्तर पर इस मामले में बड़ी जांच चल रही है और सीधे-सीधे वित्तीय अनियमिता के इस मामले में दोषियों पर गाज गिर सकती है।

## क्या है पूरा मामला

राजगढ़ के नरसिंहगढ़ ब्लॉक के तहत आ रहे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ढाबला में सुमित्राबाई नाम की महिला कर्मचारी कंटन्जेंसी के पद पर पदस्थ थीं। पदस्थी के दौरान 20 जनवरी 2025 को सुमित्राबाई की मृत्यु हो गई। उनकी मृत्यु के उपरान्त ढाबला मेडिकल ऑफिसर ने 3 फरवरी 2025 को ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर नरसिंहगढ़ को लिखित में इस बात की सूचना पहुंचा दी। नरसिंहगढ़ बीएमओ के अनुसार उक्त सूचना को राजगढ़ सीएमएचओ कार्यालय को पहुंचा दिया गया और मृत्यु उपरान्त सुमित्राबाई का उपस्थिति पत्रक राजगढ़ नहीं भेजा गया। इसके बावजूद सीएमएचओ कार्यालय में पदस्थ तत्कालीन एकाउन्टेंट रामगोपाल नरेड़ा, वर्तमान में पदस्थ लेखापाल पारीख द्वारा बगैर सुमित्राबाई की उपस्थिति पत्रक के उनकी तनख्वाह मृत्यु होने के बाद आठ महीनों तक सुमित्राबाई के खाते में डलवाई जाती रही।



## शुरू में दबा दिया मामला पर भोपाल पहुंची शिकायत

विभाग के जिम्मेदारों ने शुरूआत में इस पूरे मामले को दबाने की कोशिश की लेकिन शासन को वित्तीय हानि पहुंचाने वाली इस घोर लापरवाही की शिकायत भोपाल हुई। शिकायत के बाद विभाग की ज्वाइंट डायरेक्टर डॉ. नीरा चौधरी विगत दिनों राजगढ़ पहुंचीं और प्रकरण से जुड़े समस्त रिकार्ड अपने साथ लेकर गई हैं।

## मृत्यु के बाद खाते में पहुंचाए लगभग सवा लाख

सुमित्राबाई की मृत्यु के उपरान्त बगैर उपस्थिति पत्रक के आगामी आठ महीनों तक 14 हजार 844 रुपए प्रतिमाह के हिसाब से अगले आठ महीनों तक उनके खाते में सवा लाख रुपए हस्तांतरित किए गए।

### उपस्थिति नहीं भिजवाई

सुमित्राबाई की मृत्यु के उपरान्त हमने राजगढ़ सीएमएचओ ऑफिस तक उनकी किसी तरह की कोई उपस्थिति नहीं भिजवाई।
**डॉ. राजेंद्र अहिरवार,** बीएमओ, नरसिंहगढ़

### सूचना नहीं मिल पाई

कंटन्जेंसी की कर्मचारी थी इसलिए मैंने बगैर उपस्थिति पत्रक के उनकी तनख्वाह निकाल दी। मृत्यु की सूचना नहीं मिल पाई थी।
**- रामगोपाल नरेड़ा,** तत्कालीन लेखापाल, सीएमएचओ कार्यालय, राजगढ़

मैं आपको इस संबंध में एक घंटे बाद ही कुछ बता पाऊंगी। बाद में इन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।
**- डॉ. शोभा पटेल,** सीएमएचओ, राजगढ़

### इनका कहना है

कार्यवाही के संबंध में आप राजगढ़ सीएमएचओ से इस बारे में बात कर लीजिए। मैं अभी एक मीटिंग में हूं।
**- डॉ. नीरा चौधरी,** संयुक्त संचालक, स्वास्थ्य विभाग, भोपाल

पुरा क्षेत्र से खिलचीपुर नाके जाने वाली रोड का मामला

# धंसाव से मिस एलाइनमेंट हुई सड़क, हादसों की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

स्थानीय पुराने बस स्टैंड से शुरू होकर कान्वेंट स्कूल के ठीक ऊपर से खिलचीपुर नाके तरफ जाने वाला मार्ग मिट्टी के धंसाव से मिस एलाइनमेंट हो चुका है। सड़क के मिस एलाइनमेंट होने से यहां दुर्घटनाओं की आंशका बनी हुई है। उल्लेखनीय है कि चूंकि यह ढलान वाली सड़क है ऐसे में कभी भी कोई दोपहिया वाहन चालक हादसे का शिकार हो सकता है। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका प्रबंधन से मांग की है कि उक्त मिस एलाइनमेंट हुई सड़क की रिपेयरिंग करवाई जाए ताकि संभावित हादसों के होने के पूर्व ही उनसे बचा जा सके।

## रात्रि के समय दुर्घटना का ज्यादा खतरा

दिन के साथ ही रात के समय उक्त ढलान वाले मार्ग पर दुर्घटनाओं की ज्यादा संभावना बनी हुई है। खिलचीपुर नाके तरफ से तेज रफ्तार में आने वाले बाइक चालक यहां असंतुलित होकर घायल हो सकते हैं। उल्लेखनीय है कि पूर्व में यह मार्ग लोक निर्माण विभाग के अधीन आता था जिसे अब नगर पालिका ने अपने हैंडओवर ले लिया है।



## इंका कार्यालय के सामने भी यही स्थिति

शहर के उक्त आंतरिक मार्ग के अलावा बाईपास पर कांग्रेस कार्यालय के सामने भी इसी तरह के हाल बने हुए हैं। यहां पर भी हाईवे की सड़क का एक हिस्सा ऊपर तो दूसरा नीचे हो चुका है।

# विभिन्न पेंशन भुगतानों के लिए शासन को लिखा पत्र

**सामाजिक कार्यकर्ता ने उठाई आवाज**

**जीरापुर।** दिव्यांग, वृद्धावृस्था, कल्याणी सहित अन्य पेंशन भुगतान में आ रही तकनीकी समस्याओं से पात्रजन खासे परेशान हैं। तकनीकी समस्याओं के कारण पेंशन के हकदार पेंशनधारी दर दर को भटकने पर मजबूर हैं। ऐसे में सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाशचंद्र पुरोहित ने भोपाल के उच्चाधिकारियों एवं जिला प्रशासन के जिम्मेदारों को पत्र लिखकर समस्या के निराकरण की मांग की है। पात्रजनों की पेशनों के भुगतान में आ रही यह समस्या 10 दिनों में हल न होने पर न्यायालय की शरण लेने का उल्लेख पत्र में किया गया है। पुरोहित ने बताया कि जनपद पंचायत जीरापुर अंतर्गत 402 हितग्राही एवं पूरे मध्य प्रदेश में ऐसे हजारों हितग्राही है जिनकी ईकेवाईसी नहीं होने से पेंशन होल्ड पर रख दी गई है जबकि शासन के नियमानुसार उन पेंशन धारियों का भौतिक सत्यापन हो चुका है। पुरोहित की माने तो जुलाई एवं अगस्त 2025 से अनेकों पात्रजनों की पेंशन जमा नहीं हुई है और वे बैंकों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं।

# खोयरी महादेव मंदिर की दानपेटी से चढ़ावा राशि चोरी, चोर सीसीटीवी में कैद

## इस मंदिर में 10 माह में चोरी की दूसरी घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

क्षेत्र के प्रसिद्ध बैजनाथ खोयरी महादेव मंदिर की दानपेटी से राशि चुराने का मामला सामने आया है। मंगलवार तड़के एक अज्ञात चोर ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। मंदिर की सीसीटीवी कैमरों में संबंधित चोर स्पष्ट रूप से दानपटी से राशि चुराता नजर आ रहा है लेकिन उसके मुंह पर नकाब बंधा होने से फिलहाल तक उसकी कोई पहचान नहीं हो पाई है। मंदिर के पुजारी पंडित उमेश शर्मा जब मंगलवार सुबह पूजा के लिए पहुंचे तब चोरी की बात मालूम हो पाई जिसके बाद पुलिस को मामले की सूचना दी गई। उल्लेखनीय कि इसी खोयरी महादेव मंदिर में गत 07 जून 2025 को भी अज्ञात चोर ने दानपेटी के ताले तोड़े थे। वारदात के समय मंदिर परिसर सुनसान था और वहां कोई चौकीदार नहीं था।

### मंदिर में रखी गेती, पत्थरों से तोला ताड़ा

जिस बदमाश ने इस घटना को अंजाम दिया है उसने मंदिर में ही रखी गेती (लोहे का औजार), पत्थरों से दानपेटी का ताला तोड़ा। इसके उपरान्त पेटी में रखी पूरी चढ़ावा राशि निकाली और मौके से फरार हो गया।



हालांकि, इस घटना ने पुलिस प्रशासन के साथ ही मंदिर प्रबंधन समिति की भूमिका पर भी सवाल खड़े किए हैं कि आखिर मंदिर में चौकीदार क्यों नहीं था और लगातार हो रही चोरियों के बाद भी यहां स्थाई सुरक्षा गार्ड की तैनाती क्यों नहीं करवाई जा रही है। इस बारे में ट्रस्ट अध्यक्ष गोपाल विजयवर्गीय का कहना है कि मंदिर समिति के पास इतनी राशि नहीं है कि स्थाई गार्ड को तनख्वाह दी जा सके।

# खुद को भोपाल का अधिकारी बता 10वीं की छात्रा को धमकाया

## पीड़िता छात्रा ने परिजनों के साथ थाने में की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

जिले के खुजनेर थाना क्षेत्र के ग्राम गोपालपुरा में अपने को भोपाल का अधिकारी बताकर कक्षा 10वीं की एक छात्रा से अवैध रूप से रुपयों की मांग का मामला सामने आया है। छात्रा ने परिजनों के साथ थाने पहुंचकर लिखित में इस बात की शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### यह है पूरा मामला?

पीड़िता छात्रा के पिता ने खुजनेर थाने में आवेदन देकर बताया कि मंगलवार सुबह करीब 10.30 बजे बेटी के मोबाइल पर अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने रौब झाड़ते हुए खुद को भोपाल का उच्चाधिकारी बताया। उसने छात्रा पर दबाव बनाते हुए कहा कि मेरे खाते में पैसे ट्रांसफर करो नहीं तो तुम्हारी फोटो टीवी पर चलवाकर बदनाम कर दूंगा। आरोपी यहीं नहीं रुका। उसने छात्रा को पुलिस केस और करियर बर्बाद करने जैसी धमकियां भी दीं। पीड़ित परिवार ने आवेदन के साथ संबंधित मोबाइल नंबर भी पुलिस को सौंपे हैं।

### साइबर ठगी की आशंका

प्रारंभिक दृष्टि से यह मामला डिजिटल अरेस्ट या ऑनलाइन ब्लैकमेलिंग के जरिए ठगी करने वाले गिरोह से जुड़ा लग रहा है। साइबर अपराधी अक्सर इसी तरह सरकारी अधिकारी बनकर या अश्लील वीडियो, फोटो का डर दिखाकर लोगों से रकम वसूलते हैं। थाना प्रभारी रवि ठाकुर ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने आमजनता से अपील की है कि यदि कोई आपको डराता है तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

जिले में पहला विरोध प्रदर्शन

# कांग्रेस ने ब्यावरा में निकाली गैस सिलेंडरों की अंतिम यात्रा

**ब्यावरा।** घरेलू गैस की किल्लत एवं लगातार बढ़ते गैस के दामों के विरोध में मंगलवार को ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस ब्यावरा गैस सिलेंडरों की अर्थी निकाल गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पीपल चौराहा एवं शहर के मुख्य बाजार मार्गों से जनाक्रोश रैली निकालकर केंद्र सरकार की नीतियों को जनविरोधी करार देते हुए राम नाम सत्य है जेसी बातें भी कही। सिलेंडर की अर्थी की शुरुआत में शहर के सुभाष चौक में नाली में पाइप डालकर चूल्हा चालू करने का प्रयास भी किया गया। धरना एवं रैली में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि लगातार बढ़ती गैस की कीमतों ने आम जनता, विशेषकर मध्यम वर्ग एवं गरीब परिवारों का जीवन कठिन बना दिया है। साथ ही गैस की किल्लत से लोगों को रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

इस दौरान पूर्व नपाध्यक्ष डॉक्टर भारत वर्मा, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र यादव, चेनसिंह गुर्जर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राहुल दांगी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष कपिल शिवहरे, विष्णुदेव शास्त्री, पप्पु बना जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमन अरोरा, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष रचना भार्गव, जिला व्यापारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष ज्ञानु विजयवर्गीय, गंगा चौहान, पार्षद



कैलाश कुशवाह, महेंद्र सिलावट, ब्लॉक किसान कांग्रेस अध्यक्ष गिरवर बना, राजू वर्मा, राजा, जीतू महावर, फूलसिंह वर्मा, जगदीश सेन, संजय बंसल, मंडलम अध्यक्ष आदित्य भार्गव, महेश्वर सिंह बना, दाऊद बोहरा, राजेंद्र खत्री, राहुल जाटव, गिरराज गुर्जर ईश्वर गुर्जर कमलेश विश्वकर्मा रामनारायण भारती, राधेश्याम धनगर, कल्याण तोमर, घनश्याम पराशर, विकास गुप्ता, अमीरुद्दीन सेफी, चंदन गोस्वामी, अभिषेक चौहान, लखन पुष्पद, दिलीप बना, हर्षित दांगी, अनिमेष दांगी,बंटी सोंधीया एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मानसिक अस्वस्थ बालक का रेस्क्यू, परिजनों से मिलवाया

*लगातार प्रयासों से पुलिस टीम को सफलता मिली*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

स्थानीय बस स्टैंड क्षेत्र में भटक रहे मानसिक रूप से अस्वस्थ एक बालक को सारंगपुर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सुरक्षित रेस्क्यू कर उसके परिजनों से मिलवा दिया। जानकारी के अनुसार गत दिनों रात करीब 8 बजे बस स्टैंड पर एक बालक हाथ में सामान लिए




अकेला घूमता हुआ मिला। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर वह अपनी स्थिति स्पष्ट नहीं कर पाया, जिससे चलते उसके मानसिक रूप से अस्वस्थ होने का अंदेशा हुआ।

बालक को थाने लाकर स्थानीय लोगों से जानकारी जुटाई गई, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। अगले दिन संबंधित बालक को बाल कल्याण समिति राजगढ़ के संरक्षण में सौंपा गया। वहीं पुलिस टीम ने बालक की जानकारी और फोटो सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सांझा करते करते हुए उनकी जानकारी जुटाना शुरू की। लगातार प्रयासों के बाद 17 मार्च को पुलिस टीम को सफलता मिली और बालक के माता-पिता का पता चल गया। इसके बाद बालक को सकुशल उसके पिता के सुपुर्द कर दिया गया। इस सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा के नेतृत्व में आनंदीलाल भिलाला, आरक्षक सत्येन्द्र रघुवंशी, प्र. आरक्षक इरफान उल्ला खान, विकास यादव, धर्मेन्द्र जायसवाल, नरेन्द्र धाकड़ एवं कैलाश लोधी का विशेष योगदान रहा।

# एआई एप से बढ़ रहा ठगी का खतरा युवाओं और बच्चों पर पड़ रहा असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

डिजिटल तकनीक के विस्तार के साथ इंटरनेट पर तथाकथित एआई गर्लफ्रेंड, बॉयफ्रेंड और वर्चुअल रिश्ते बनाने वाली एप का चलन तेजी से बढ़ रहा है। साइबर विशेषज्ञों के अनुसार ये ऐप्स लोगों के अकेलेपन और भावनाओं का फायदा उठाकर उन्हें अपने जाल में फंसाती हैं। शुरुआत में मुफ्त चैट और दोस्ती का प्रस्ताव दिया जाता है, फिर धीरे-धीरे भावनात्मक जुड़ाव बनाकर वीडियो कॉल या प्रीमियम फीचर के नाम पर पैसे मांगे जाते हैं। कई मामलों में यूजर्स से निजी फोटो या संवेदनशील जानकारी भी मांगी जाती है, जिसका बाद में ब्लैकमेलिंग या साइबर ठगी में इस्तेमाल किया जा सकता है।

अभाविप का साप्ताहिक सकोरा अभियान

# पक्षियों की प्यास बुझाने अनेक स्थानों पर बांध रहे सकोरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

स्थानीय शासकीय महाविद्यालय की अभाविप ईकाई द्वारा सकोरे अभियान के साप्ताहिक कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। बढ़ती गर्मी को देखते हुए पक्षियों के लिए जल की व्यवस्था सुनिश्चित करने और समाज में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने के उद्देश्य से यह अभियान प्रारंभ किया गया है।

कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय परिसर में विभिन्न स्थानों पर पक्षियों के लिए पानी से भरे सकोरे बांधे गए ताकि भीषण गर्मी में बेजुबानों को प्यास से न मरना पड़े। इस अवसर पर प्राचार्य ममता खोइया ने कहा कि विद्यार्थी परिषद की यह पहल सरानीय है। न केवल महाविद्यालय बल्कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने घरों में भी सकोरे लगाने चाहिए। उन्होंने अपील की कि सभी विद्यार्थी अपने-



अपने घरों एवं आसपास के स्थानों पर सकोरे रखें और उनमें प्रतिदिन पानी भरकर पक्षियों के जीवन संरक्षण में योगदान दें। उन्होंने बताया कि गर्मियों के मौसम में जल के अभाव में कई पक्षियों की जान चली जाती है, ऐसे में यह छोटा सा प्रयास उनके जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। यह अभियान न केवल सेवा का कार्य है, बल्कि प्रकृति एवं जीव-जंतुओं के प्रति हमारी जिम्मेदारी का भी प्रतीक है। कार्यक्रम में अभाविप तहसील संयोजक तुषार चौहान, महाविद्यालय अध्यक्ष गोविंद कुम्भकार, लोकेश मालवीय, विजय मालवीय सहित अन्य उपस्थित थे।

# सूर्यदेव को अर्ध्य देकर करेंगे नेवज मैया की आरती

**राजगढ़।** हिन्दू नवसंत्सर 2083 के शुभारंभ एवं गुड़ी पड़वां के अवसर पर कल नगर की जीवनदायिनी नेवज मैया की महाआरती की जाएगी। नववर्ष आयोजन समिति के तत्वावधान में लगातार 16वें वर्ष किए जाने वाले इस आयोजन के तहत प्रातः 6 बजकर 21 मिनट पर सूर्य की पहली किरण के साथ भगवान भास्कर को अध्र्य देकर शंख, घटियों, ढोल-ढमाकों, आतिशबाजी के साथ नेवज मैया की महाआरती की जाएगी। आयोजन समिति अध्यक्ष साकेत शर्मा ने बताया कार्यक्रम के तहत सभी उपस्थित जनों को वर्षभर निरोगी रहने नीम, मिश्री, कालीमिर्च का प्रसाद वितरित करवाया जाएगा। समिति पदाधिकारियों ने आधिकाधिक नागरिक गणों से इस आयोजन में सम्मिलित होने का आगृह किया है।

**कई शिकायतों का मौके पर ही करवाया निराकरण**

# जनसुवाई में लगाई पेंशन, नामांतरण, पीएम आवास की गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मुख्यालय पर हर मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं का निराकरण किया जाता है। जनसुनवाई में पेंशन, नामांतरण, बंटवारा, प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति सहित अन्य समस्याओं के 65 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से कई मामलों का मौके पर ही निराकरण करवा दिया गया।

ग्राम किशनगढ़ निवासी दिलीप पुष्पद ने बताया कि उनकेघर के सामने नाली का पानी जमा होने से काफी परेशानी हो रही है। अपर कलेक्टर द्वारा सीएमओ राजगढ़ को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। ग्राम मलारगढ निवासी मानसिंह वर्मा ने बताया कि आवेदक की भूमि पर कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया है। इस पर अपर कलेक्टर ने तहसीलदार जीरापुर को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। ग्राम अरन्या निवासी बालचंद ने बताया कि आवेदक को प्रधानमंत्री आवास योजना स्वीकृत हो गई है लेकिन प्रथम किश्त के बाद दूसरी किश्त के लिए वे परेशान हो रहे हैं। इस पर सीईओ जनपद सारंगपुर को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।



ग्राम लक्ष्मभणपुरा निवासी सौराम ने बताया कि 6 माह से वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। आवेदक को पूर्व में वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ मिल रहा था। ग्राम चारपुरा निवासी बनेसिंह ने बताया कि आवेदक को पूर्व में किसान सम्माशन निधि योजना का लाभ मिल रहा था परन्तु किसी कारणवश अब निधि खाते में नहीं आ रही है। सभी मामलों का निराकरण करवाया जा रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले, एडीएम प्रताप सिंह चैहान, संयुक्त कलेक्टर वीरेंद्र दांगी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।